SMS में अभिभावक-अध्यापक सम्मेलन

DN VERMA

November 24, 2024

02 1 minute read

लखनऊ : स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज लखनऊ में शनिवार, 23 नवम्बर को पैरेन्ट टीचर्स मीटिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन डिपार्टमेंट ऑफ ह्यूमेनेटीज एण्ड एप्लाईड साइंसेज विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम में 150 से अधिक अभिभावकों ने उपस्थित हुए। अभिभावकों को अध्यापकों द्वारा छात्र/छात्राओं की कक्षा में उपस्थिति कक्षा में उनका कार्य व्यवहार संस्थान स्तर पर आयोजित परीक्षा में प्राप्तांकों की भी सूचना प्रदान की गयी एवं छात्रों में और अधिक निपुणता लाने हेतु विचार विमर्श किया गया।

कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. पी.के. सिंह ने बताया कि इस प्रकार का आयोजन एक सतत प्रक्रिया है जो संस्थान आयोजित करता रहता है। इस कार्यक्रम में 135 से अधिक अभिभावकों ने संस्थान में आकर एवं 20 से अधिक अभिभावकों ने वर्चुअल उपस्थिति दर्ज करायी। अभिभावकों ने अध्यापकगणों से मिलने के बाद विभागाध्यक्ष डॉ. अजय सिंह एवं एसोसियेट डायरेक्टर डॉ. धर्मेन्द्र सिंह से भी मुलाकात की। कार्यक्रम के दौरान महानिदेशक(तकनीकी) प्रो. (डॉ.) भरत राज सिंह ने भी अभिभावकों से मुलाकात की तथा उनका कुशलक्षेम प्राप्त किया।

---

https://dastaktimes.org/parent-teacher-conference-concluded-in-sms/